सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–3

राजभवन देहरादून 26 दिसम्बर, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने आज राजभवन में ‘‘वीर बाल दिवस’’ पर समर्पित एक चित्रात्मक पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक पंजाब के लेखक हरप्रीत संधू द्वारा संकलित की गई है, जो बाबा ज़ोरावर सिंह जी, बाबा फतेह सिंह जी और माता गुजरी जी के बलिदान को समर्पित है।

इस पुस्तक में पंजाब के फतेहगढ़ साहिब स्थित तीन प्रमुख ऐतिहासिक गुरुद्वारों– ठंडा बुर्ज, गुरुद्वारा फतेहगढ़ साहिब और गुरुद्वारा ज्योति स्वरूप के महत्व को दर्शाया गया है। राज्यपाल ने इस अवसर पर लेखक हरप्रीत संधू के प्रयास की सराहना करते हुए इसे साहिबजादों के साहस, बलिदान और धर्म के प्रति उनकी निष्ठा का दृश्यात्मक स्मारक बताया।

............0............